| | | | |
|---|---|---|---|
| **Publication** | **Amar Ujala** | **Language** | Hindi |
| **Edition** | Chandigarh | **Journalist** | |
| **Date** | 13/03/2025 | **Page no** | 10 |
| **CCM** | N/A | | |

# नई सहकारिता मसौदा नीति को दे रहे अंतिम रूप : शाह


# नई सहकारिता मसौदा नीति को दे रहे अंतिम रूप : शाह


**नई दिल्ली।** केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में कहा कि नई राष्ट्रीय सहकारिता नीति की सोच के पीछे सहकार से समृद्धि का मंत्र है। लंबी कवायद के बाद मसौदा नीति तैयार है और इसे अंतिम रूप दिया जा रहा है।

शाह ने लिखित जवाब में कहा, सहकारिता नीति के लिए मंत्रालय की समिति का नेतृत्व सुरेश प्रभाकर प्रभु कर रहे हैं। इसमें उनके साथ सहकारी क्षेत्र के विशेषज्ञ, राष्ट्रीय, राज्य, जिला, प्राथमिक स्तर की सहकारी समितियों के प्रतिनिधि, सचिव (सहकारी) और राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों के रजिस्ट्रार और केंद्रीय मंत्रालयों के विभागों के अधिकारी शामिल हैं। इसका उद्देश्य सहकारी क्षेत्र की वास्तविक क्षमता को अनलॉक करने के लिए नई नीति का निर्माण करना है। समिति ने हितधारकों से सुझाव प्राप्त करने के लिए 17 बैठकें कीं। चार क्षेत्रीय कार्यशालाएं की गईं। प्राप्त सुझावों को मसौदा नीति में शामिल किया गया है। ब्यूरो



संसद परिसर में गृह मंत्री अमित शाह। एजेंसी

## 2,516 करोड़ से कंप्यूटरीकरण

**पैक्स**

गृह मंत्री शाह ने कहा कि सरकार प्राथमिक कृषि ऋण समिति (पैक्स) के कंप्यूटरीकरण के लिए 2,516 करोड़ रुपये की परियोजना को कार्यान्वित कर रही है। परियोजना के तहत 30 राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों की कुल 67,930 पैक्स को मंजूरी प्रदान की गई है।


Downloaded from
SAMVAD